इन्हीं नैनों में छुपा होगा कन्हैया मेरा

इन्हीं नैनों में, इन्हीं नैनों में,
इन्हीं नैनों में छुपा होगा कन्हैया मेरा....

हमरी ना मानो यशोदा मां से पूछो,
जिनके आंचल में छुपा होगा कन्हैया मेरा,
इन्हीं नैनों में.....

हमरी ना मानो नंदबाबा से पूछो,
जिनके प्राणों में छुपा होगा कन्हैया मेरा,
इन्हीं नैनों में.....

हमरी ना मानो तो ग्वालों से पूछो,
जिन की टोली में छुपा होगा कन्हैया मेरा,
इन्हीं नैनों में.....

हमरी ना मानो तो गोपियों से पूछो,
जिनकी सांसो में छुपा होगा कन्हैया मेरा,
इन्हीं नैनों में.....

हमरी ना मानो तो मीरा से पूछो,
जिसके गीतों में छुपा होगा कन्हैया मेरा,
इन्हीं नैनों में....

हमरी ना मानो तो द्रुपद से पूछो,
जिनकी विनती में छुपा होगा कन्हैया मेरा,
इन्हीं नैनों में.....

हमरी ना मानो तो भक्तों से पूछो,
जिन की भक्ति में छुपा होगा कन्हैया मेरा,
इन्हीं नैनों में....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27495/title/inhi-naino-me-chupa-hoga-kanhayia-mera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |